(c) if so, what are the details thereof stating—

(i) the annual killings of tuskers since 1980;

(n) the estimated value of the tusks poached since 1980; and

(d) whether Government propose to launch project elephant on the lines of project tiger to save the elephants population?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRIMATI MANEKA GANDHI): (a) to (c) The information is being collected and would be placed on the Table of the House.

(a) Yes sir,

मध्य प्रदेश में केन्द्रीय योजना के अधीन सड़कें तथा पुल

786. **श्री राधा किशन मालवीय :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में केन्द्रीय योजना के अधीन कितनी सड़कें तथा पुल हैं तथा वर्ष 1990–91 के दौरान कितनी सड़कों तथा पुलों की मंजूरी दी गई है; और

(ख) इस संबंध में मध्य प्रदेश को दी जाने वाली सहायता का ब्यौरा क्या है ?

जल-संसाधन मंत्री, साथ में जल-भूतल परिवहन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री मनुभाई कोटाडिया) (क) 31-3-90 की स्थिति के अनुसार मध्य प्रदेश में सड़कों और पुलों की चालू केन्द्रीय योजनाओं की संख्या निम्नलिखित है :–

	सड़क	पुल
राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास	136	53
आर्थिक और अंतर्राज्यीय महत्व की सड़कें	—	—
केन्द्रीय सड़क निधि (सी.आर.एफ.)	1	—

इसके अतिरिक्त 1990–91 के दौरान निम्न संख्यक योजनाओं का अनुमोदन किया गया है :—

राष्ट्रीय राजमार्ग का विकास	15	—
आर्थिक और अंतर्राज्यीय महत्व की सड़कें	—	—
केन्द्रीय सड़क निधि	—	—

(ख) राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए 1990–91 के दौरान मध्य प्रदेश के लिए 21.00 करोड़ रु. का आवंटन किया गया है जिसमें चल रहे कार्य और चालू वित्त वर्ष में अनुमोदित कार्य शामिल हैं। आर्थिक और अंतर्राज्यीय महत्व की योजना के अंतर्गत कोई राशि निर्धारित नहीं की गई है । केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत निधियां राज्य के लिए अनुमोदित योजनाओं की कुल लागत विगत में रिलीज की गई निधियों, प्रचालनात्मक स्वीकृतियों की बकाया राशि और बजटगत प्रावधान को ध्यान में रखकर रिलीज की जाती है । उपर्युक्त मानदंडों को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश सरकार को हकदारी के अनुसार केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत आने वाले कार्य के लिए 1990–91 के दौरान आवंटन हेतु 50.00 लाख रु. की राशि निर्धारित की गई है।

मध्य प्रदेश में जिला मुख्यालयों में तारघर की सुविधा

787. **श्री राधा किशन मालवीय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में कितने ऐसे जिला मुख्यालय हैं जहां तारघर की सुविधा है; और

(ख) क्या सरकार ने एक निश्चित अवधि के अन्दर सभी जिला मुख्यालयों में तारघर खोलने की व्यवस्था करने का लक्ष्य निर्धारित किया है ?